

# शराबखोरी में भी नंबर 1, इंदौरी पी गए 3731 करोड़ की शराब

- देसी से मुंह मोड़ा, बियर और विदेशी शराब बनी पहली पसंद
- चार साल में 73 फीसदी खपत बढ़ी
- 9 महीनों में सरकार को 1408 करोड़ का राजस्व



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** स्वच्छता में नंबर 1 बनने वाला इंदौर अब शराबखोरी में भी प्रदेश का सिरमौर बन गया है. आबकारी विभाग की 2025 की रिपोर्ट ने चौंकाने वाली तस्वीर पेश की है. बीते एक साल में इंदौरवासियों ने 6.17 करोड़ लीटर शराब पी डाली और इस पर 3731 करोड़ रुपये से ज्यादा रकम उड़ा दी. आंकड़ों के लिहाज से यह प्रदेश में अब तक की सबसे बड़ी शराब खपत है, जिसने इंदौर को सीधे टॉप पर पहुंचा दिया.

रिपोर्ट के मुताबिक, 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 के बीच इंदौर जिले में 6 करोड़ 17 लाख 22 हजार 561 लीटर शराब बिकी. यह आंकड़ा 2024 से भी ज्यादा है. हालांकि सालभर में बढ़ोतरी सिर्फ 0.41 प्रतिशत रही, लेकिन पिछले चार सालों की तस्वीर देखें तो कहानी बिल्कुल अलग है. 2021 में जहां खपत करीब 3.55 करोड़ लीटर थी, वहीं 2025 में यह 6.17 करोड़ लीटर तक जा पहुंची. यानी चार साल में शराबखोरी करीब 73.5 प्रतिशत बढ़ गई. सबसे दिलचस्प बदलाव देसी शराब को लेकर सामने आया है. इंदौर में देसी शराब का नशा अब उतरता दिख रहा है. 2024 में जहां 2.08 करोड़ लीटर देसी शराब बिकी थी, वहीं 2025 में यह गिरकर 1.48 करोड़ लीटर पर आ गई. यानी एक ही साल में 60 लाख लीटर की सीधी गिरावट, करीब 29 प्रतिशत कम खपत. यह बीते चार वर्षों का सबसे निचला स्तर है.

### सिर चढ़कर बोल रहा विदेशी शराब और बियर का क्रेज

इसके उलट विदेशी शराब और बियर का क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है. उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में 1.39 करोड़ लीटर विदेशी शराब और रिकॉर्ड स्तर पर 3.30 करोड़ लीटर बियर की खपत दर्ज की गई. यानी विदेशी शराब की बिक्री में 8 प्रतिशत और बियर की बिक्री में 19 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई. अकेले बियर की खपत में 52.25 लाख लीटर का उछाल आया. साफ है कि इंदौर का युवा वर्ग की अब देसी छोड़ बियर और ब्रांडेड बोतल पहली पसंद बन गई है.

### इंदौर में 325 जगहों से की जा रही शराब की सप्लाई

शहर में शराब आसानी से मिले, इसके लिए भी पूरा नेटवर्क खड़ा है. जिले में 173 शराब दुकानें चल रही हैं, वहीं 149 बार, होटल, रेस्टोरेंट और क्लब में खुलेआम जाम छलक रहे हैं. सेना और अर्धसैनिक बलों की कैंटीन जोड़ दें तो 325 जगहों से शराब की सप्लाई हो रही है. इन्हीं ठिकानों से करोड़ों लीटर शराब शहर की नसों में उतर रही है और इस शराबखोरी से सरकार की चांदी कट रही है.

**हर जाम के साथ भर रहा सरकार का खजाना**-सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी ने नव भारत को बताया कि सिर्फ अप्रैल से दिसंबर 2025 के नौ महीनों में ही 1408 करोड़ रुपए का आबकारी राजस्व सरकार को मिला. यानी हर जाम के साथ सरकारी खजाना भरता जा रहा है.

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- बाइक पर साथ बैठी युवती गंभीर रूप से घायल
- लसूड़िया क्षेत्र में एबी रोड पर देर रात हुआ हादसा

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में एबी रोड पर शुक्रवार देर रात को तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई. युवती का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है.

थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि हादसा एबी रोड स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने हुआ. मृतक की पहचान 25 वर्षीय हिमांशु पिता धर्मेंद्र यादव, निवासी सिंगापुर टाउनशिप के रूप में हुई है. हिमांशु अपने साथ काम करने वाली सहकर्मी श्रेया अवस्थी के साथ बाइक से जा रहा था. दोनों एक ही संस्थान में कार्यरत थे. वे एबी रोड से गुजर रहे थे. इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक नम्बर आरजे 09 जीडी 6178 के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि हिमांशु उछलकर ट्रक के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं श्रेया भी सड़क पर गिर गई. उसे गंभीर चोटें आई हैं. हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवती को एंबुलेंस से निजी अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज जारी है. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश की जा रही है. मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है.

# इंदौर से मुंबई के लिए स्टार एयर शुरू करेगी सीधी उड़ान

- 5 जनवरी से शुरू होगी उड़ान, सप्ताह में 5 दिन चलेगी
- कंपनी ने इंदौर-बेंगलुरु की अपनी उड़ान को बंद किया




इंदौर. इंदौर से मुंबई आने-जाने वाले यात्रियों को इंडिगो और एयर इंडिया के बाद अब एक और फ्लाइट की सुविधा मिलने जा रही है. अब स्टार एयर भी इंदौर से मुंबई के लिए सीधी फ्लाइट शुरू करने जा रही है. 15 जनवरी से शुरू हो रही यह फ्लाई सप्ताह में पांच दिन चलेगी. कंपनी ने इसकी बुकिंग भी शुरू कर दी है. कंपनी ने इसका शुरुआती किराया करीब पांच हजार रुपए रखा है. दूसरी ओर स्टार एयर ने इंदौर-बेंगलुरु की अपनी उड़ान को बंद कर दिया है.

जानकारी अनुसार यह फ्लाइट इंदौर से सीधे मुंबई जाएगी. अब तक कंपनी इंदौर से गोंदिया, अहमदाबाद और बेंगलुरु के लिए उड़ानों का संचालन कर रही थी, लेकिन अब कंपनी मुंबई रूट पर भी उड़ान शुरू कर रही है. यह फ्लाइट शुक्रवार और रविवार को छोड़कर सप्ताह में पांच दिन संचालित होगी. इंदौर से यह उड़ान रात 10 बजे रवाना होगी, जो रात 11.15 बजे मुंबई पहुंचेगी. जबकि मुंबई से यह शाम 4.30 बजे रवाना होगी, जो शाम 5.50 बजे इंदौर पहुंचेगी. वहीं, दूसरी ओर कंपनी ने विंटर शेड्यूल में शुरू की गई अपनी इंदौर-बेंगलुरु उड़ान बंद कर दी है. ज्ञात हो, मुंबई देश के बड़े एयरपोर्ट्स में शामिल है, जहां से देश-विदेश के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिलती है.

## पर्स झपटकर आरोपी फरार

**इंदौर.** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े झपटमारी की वारदात सामने आई है. अज्ञात स्कूटर सवार बदमाश महिला का पर्स झपटकर मौके से फरार हो गया. द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार शैल पुत्री सफायर गुमास्ता नगर के सामने यह वारदात हुई. फरियादी साधना पटेल, निवासी गुमास्ता नगर इंदौर, हाल मुकाम अहमदाबाद, सड़क पर पैदल जा रही थीं, तभी स्कूटर एक्सेस पर सवार अज्ञात व्यक्ति ने झपट्टा मारकर उनका पर्स छीन लिया. पर्स में एक मोबाइल फोन और 2300 रुपए नकद रखे थे. वारदात के बाद आरोपी तेजी से वाहन चलाते हुए फरार हो गया.

# सिलिकॉन सिटी में की जा रही थी घरेलू गैस की अवैध रिफिलिंग

- अलग-अलग कंपनियों के भरे और खाली सिलेंडर बरामद
- गैस रिफिल करने के उपकरण, डिजिटल तौल कांटा भी जब्त

**इंदौर.** राऊ थाना क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग और संग्रहण का मामला सामने आया है. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को पकड़ा है, जिसके कब्जे से अलग-अलग कंपनियों के भरे, खाली और आधे भरे घरेलू गैस सिलेंडर सहित गैस भरने का उपकरण जब्त किया है.।

शासन की ओर से प्रधान आरक्षक लक्ष्मण कन्नौजे की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है. आरोपी नितिन मालवीय, उम्र 25 वर्ष, निवासी बी 526 सिलिकॉन सिटी, राऊ के यहां दबिश दी गई. मौके से भारत गैस का एक भरा और दो खाली घरेलू सिलेंडर, इंडियन गैस के दो आधे भरे सिलेंडर और एक छोटा खाली सिलेंडर, एचपी गैस के दो भरे घरेलू सिलेंडर, एक बिना नाम का छोटा घरेलू सिलेंडर, गैस सिलेंडर रीफिल करने का उपकरण और एक डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा जब्त किया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित बीएनएस की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी कब से गैस की अवैध रीफिलिंग कर रहा था और सिलेंडर कहां सप्लाई किए जा रहे थे.

## एक नजर में

### श्री एकेडमी के डायरेक्टर व प्राचार्या को अवॉर्ड



**महू.** ग्रामीण क्षेत्र में संघर्ष के साथ उभरकर शिक्षाविद् पाटीदार दंपती ने कड़ी मेहनत कर राष्ट्रीय स्तर की सफलता पाई. अभी तक श्री एकेडमी को कई राष्ट्रीय स्तर के अवॉर्ड प्राप्त हो चुके हैं. श्री अकेडमी के डायरेक्टर डॉ. राजेश कुमार पाटीदार को राष्ट्रीय रविंद्र नाथ टैगोर डायरेक्टर अवार्ड एवं प्राचार्य डॉ. हेमलता पाटीदार राष्ट्रीय रविंद्र नाथ टैगोर प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित किया गया. पाटीदार दंपती ने कोदरिया महू और पाटीदार समाज को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर नए युवाओं को प्रेरित किया है. शनिवार को इंदौर में एक होटल में एक उपदेश मीडिया की राष्ट्रीय टीम द्वारा एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया. इसमें मध्य प्रदेश के शिक्षाविदों को राष्ट्रीय रवींद्रनाथ टैगोर अवार्ड से सम्मानित किया गया. एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी पुणे एवं एक उपदेश मीडिया के डायरेक्टर गगनदीप सिंह द्वारा पाटीदार दंपती को पुरस्कृत किया गया.

### विद्यामित्र समूह ने पांजरिया स्कूल में रिवर्सिबल बोर्ड लगवाए



**महू.** ये नि:स्वार्थ सोच के ऐसे सच्चे सामाजिक लोग हैं, जो वास्तविकता के धरातल पर विद्यासेवा को ही अपना सौभाग्य समझते हैं. विद्यामित्र समूह विगत 10 वर्षों से शासकीय व आधारभूत शैक्षणिक सामग्री की आवश्यकताओं वाले विद्यालयों में उनकी जरूरत अनुरूप शैक्षणिक व अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करा रहा है. इसी कड़ी में शासकीय माध्यमिक विद्यालय पांजरिया में समूह ने प्रत्योक कक्षा में रिवर्सिबल बोर्ड लगवाए. इस प्रकल्प हेतु समूह के सेवाभावी सदस्यों प्रकाश बजाज, नरेंद्र सिंह टुटेजा, फिरोज बड़नगरवाला, माधुरी भागवत, संध्या ठाकुर ने अपना सहयोग प्रदान किया. इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी अरबअली पटेल, शिक्षक हजारीलाल चौधरी, संतोष चौहान, किरण लौवंशी आदि उपस्थित थे. विद्यामित्र समूह में महू, इंदौर, उज्जैन, पुणे, मुंबई से लेकर अमेरिका तक के सदस्य जुड़ चुके हैं.

### सर्व ब्राह्मण समाज परिचय सम्मेलन आज

**महू.** सर्व ब्राह्मण समाज महू के तत्वावधान में कल 11 जनवरी को चोपड़ा वाटिका में नि:शुल्क अभा सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. आयोजन समिति के अध्यक्ष पं. कपिल शर्मा एवं सचिव पं. विवेक शर्मा ने बताया कि सर्व ब्राह्मण समाज महू के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा के नेतृत्व में हो रहे अभा स्तर के इस आयोजन में मप्र के अलावा, उप्र, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र से भी कई प्रविष्टियां आई हैं. आयोजन में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, उपमुख्यमंत्री पं. राजेंद्र शुक्ला, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, सांसद कविता पाटीदार, विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष पं. हेमंत कटारे, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, विधायक उषा ठाकुर, रमेश मेंदोला, पं. गोलू शुक्ला, इंदौर महापौर पं. पुष्यमित्र भार्गव सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे. उक्त जानकारी समाजसेवी एवं मार्गदर्शक मंडल के पं. शैलेन्द्र शुक्ला ने दी.

# एमजीएम कॉलेज में राष्ट्रीय सीएमई में 290 डॉक्टरों ने किया मंथन

- फोरेंसिक व स्त्री रोग से जुड़े मेडिको लीगल मुद्दों पर की गई गहन चर्चा



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग द्वारा मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल की अनुमति से राष्ट्रीय स्तर की सतत चिकित्सा शिक्षा का आयोजन किया. इसमें देशभर से करीब 290 चिकित्सकों ने पंजीयन कर भाग लिया, जिनमें 70 डॉक्टर ऑफलाइन और 220 डॉक्टर ऑनलाइन माध्यम से जुड़े.**

डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि सीएमई में फोरेंसिक मेडिसिन, स्त्रीरोग विभाग और मेडिकल ऑफिसर्स ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम में लैंगिक अपराध के मामलों में चिकित्सकीय परीक्षण की प्रक्रिया, परीक्षण के बाद विशेषज्ञ अभिमत देने के तरीके और इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई. इसके साथ ही गर्भ के चिकित्सकीय टर्मिनेशन की परिस्थितियां, अधिकृत चिकित्सक और अस्पतालों से जुड़े नियमों पर भी विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया. इसके अलावा टेस्ट ट्यूब बेबी, सरोगेसी और अन्य आधुनिक तकनीकों के माध्यम से संतान प्राप्ति तथा उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों पर भी चर्चा हुई. यह मध्य प्रदेश का पहला ऐसा सीएमई रहा, जिसमें फोरेंसिक मेडिसिन और स्त्रीरोग विभाग के विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए और कार्यक्रम को ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों मोड में आयोजित किया.

### आयोजन में इनका रहा सराहनीय सहयोग

सीएमई के आयोजन अध्यक्ष डॉ. बजरंग कुमार सिंह और आयोजन सचिव डॉ. अंकित पांडे जैन थे. विषय विशेषज्ञों में डॉ. सुमित्रा महाजन, डॉ. बजरंग कुमार सिंह, डॉ. मोनिका वर्मा, डॉ. तपन सिंह पेंड्रो, डॉ. शिवानी जोशी और डॉ. सुनील कुमार सोनी शामिल रहे. अधिष्ठाता डॉ. अरविंद घनघोरिया के प्रोत्साहन से आयोजित इस कार्यक्रम को एमवाय अस्पताल अधीक्षक डॉ. अशोक यादव, एमआरटीबी अस्पताल अधीक्षक डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव और स्त्रीरोग विभागाध्यक्ष डॉ. निलेश दलाल का मार्गदर्शन मिला.

# पार्ट टाइम जॉब के नाम पर युवक से 2 .40 लाख हड़पे

- अज्ञात ठगों ने व्हाट्सऐप पर लिंक भेजकर युवक से अलग-अलग ट्रांजेक्शन कराए



**इंदौर. अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में ही पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है. अज्ञात ठगों ने व्हाट्सऐप पर लिंक भेजकर युवक से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 2 लाख 40 हजार रुपए हड़प लिए. शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

अन्नपूर्णा पुलिस के अनुसार वैशाली नगर सेक्टर सी में रहने वाले फरियादी से व्हाट्सऐप के जरिए पार्ट टाइम काम का ऑफर दिया था. लिंक पर क्लिक करने के बाद आरोपी ने अलग-अलग बहानों से युवक से कई ट्रांजेक्शन करवाए. भरोसे में आकर फरियादी ने 2.40 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए, लेकिन न तो कोई काम मिला और न ही कोई रकम वापस की गई. मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस ट्रांजेक्शन डिटेल, मोबाइल नंबर और लिंक की जांच कर ठगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है.

## दहेज के लिए महिला को सताया, पति समेत चार पर केस

इंदौर. महिला थाना क्षेत्र में दहेज की मांग और प्रताड़ना का मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

महिला थाना पुलिस के अनुसार गुलनाज बी, उम्र 27 वर्ष, निवासी नई बस्ती ने शिकायत दर्ज कराई है कि शादी के बाद से उसे दहेज की मांग को लेकर लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है. महिला ने आरोप लगाया कि पति शाहरुख लोहारी, सास रूकसाना बी, देवर शाबाद और फारूख द्वारा दहेज लाने का दबाव बनाया जा रहा है. महिला थाना पुलिस ने फरियादी के बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# कर्मचारियों की जानकारी नहीं देने वाले दो होटलों पर केस दर्ज

**इंदौर. शहर में होटल संचालकों द्वारा कर्मचारियों व किरायेदारों की जानकारी थाने में नहीं देने के मामलों में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की है. दोनों ही मामलों में पुलिस आयुक्त द्वारा जारी आदेशों के उल्लंघन को लेकर प्रकरण दर्ज किए गए हैं.**

लसूड़िया थाना पुलिस के अनुसार रात करीब 10.30 बजे महालक्ष्मी नगर स्थित एक होटल की जांच की गई. जांच में सामने आया कि होटल में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी संबंधित थाने को नहीं दी गई थी. इस पर शासन की ओर से पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर 24 वर्षीय जयेश सिंह, निवासी सेटेलाइट जंक्शन नव दुर्गा गार्डन के पास के खिलाफ केस दर्ज किया. इसी तरह खजराना थाना क्षेत्र में रात करीब 10 बजे पाकीजा रोड स्थित हाजी होटल पर कार्रवाई की गई. पुलिस जांच में पाया कि होटल मालिक द्वारा किरायेदार व कर्मचारियों से संबंधित जानकारी थाने में प्रस्तुत नहीं की थी. इस पर पुलिस ने होटल मालिक मोहम्मद अरबाज, उम्र 25 वर्ष, निवासी इलियास कॉलोनी खजराना के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है.


**SECTION 1**
Notice Inviting e-Tenders
**GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH**
**NARMADA VALLEY DEVELOPMENT DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER,**
**INDIRA SAGAR PROJECT CANALS, SANAWAD, DISTT - KHARGONE (M.P.)**

NIT No. 12./2025-26/G/ Sanawad, Dated 05.01.2026

Online Turn Key Basis bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| Name of Work | District(s) | Probable Amount (In Lakhs) | Completion Period (months) |
|---|---|---|---|
| This tender is for Irrigation Service Provider (ISP) for the development of Pressurized Piped Irrigation Network (PPIN) and provision of irrigation services in Netangaon Cluster, District Khandwa (M.P.) under Modernization of Command Area Development (M- CADWM) scheme for 2504 Ha. | Khandwa | Rs 4532.24 Lakhs | Up to 30/09/2026 (Including Rainy season) |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in
2. The Bid Document can be purchased only online from 05.01.2026 (Date), 17:30 (time) to 21.01.2026 (Date), 17:30 (time).
3. EMD & PQ Document Openning Date - 23.01.2026, 10:30 Onward.
4. Price Bid Openning Date - 30.01.2026, 10:30 Onward.
5. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.
6. The bid shall be submitted in the same name and style. In case of JV purchase, download and submission shall be made in the name of JV/lead partner. See Annexure-G for further details.

Chief Engineer,
Indira Sagar Project Canals,
Sanawad, Distt. - Khargone (MP)

G24226/25



**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**
(उद्यान विभाग सिविल मुख्यालय)
E-mail: gardendepartmentcivil@gmail.com

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 31/उ.सिविल/25-26/जी-01-05 **निविदा आमंत्रण** **दिनांक:** 10.01.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge, SOR/ NON SOR, DATE 02.08.2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर आईडी | कार्य का नाम | कार्य की समयवधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_474706_1 | स्वछता सर्वेक्षण 2025-2026 के अन्तर्गत झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 में स्थित उद्यानों में आवश्यक सिविल कार्य एवं रंगाई पुताई करने बाबद। | 180 दिवस ₹23,74,188/- | ₹17,900/- ₹5,000/- | 10.02.2026 6.00 PM 12.02.2026 |
| 02 | 2026_UAD_474712_1 | झोन क्र. 8 वार्ड क्र. 37 के अन्तर्गत आने वाले आगामी स्वछता सर्वेक्षण 2025-2026 को दृष्टिगत रखते हुए सूचीबद्ध उद्यान में सौन्दर्यीकरण रंगाई पुताई एवं आवश्यक सिविल कार्य करना। | 180 दिवस ₹28,84,719/- | ₹21,700/- ₹5,000/- | 10.02.2026 6.00 PM 12.02.2026 |
| 03 | 2026_UAD_474714_1 | स्वछता सर्वेक्षण 2025-2026 को दृष्टिगत रखते हुए झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 41 के अन्तर्गत आने वाले सूचीबद्ध उद्यानों में आवश्यक सिविल संधारण कार्य करना। | 120 दिवस ₹16,72,549/- | ₹12,600/- ₹2,000/- | 10.02.2026 6.00 PM 12.02.2026 |
| 04 | 2026_UAD_474721_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 42 के अन्तर्गत आने वाले आगामी स्वछता सर्वेक्षण 2025-2026 को दृष्टिगत रखते हुए सूचीबद्ध उद्यान में सौन्दर्यीकरण रंगाई पुताई एवं आवश्यक सिविल कार्य करना। | 180 दिवस ₹27,78,117/- | ₹20,900/- ₹5,000/- | 10.02.2026 6.00 PM 12.02.2026 |
| 05 | 2026_UAD_474725_1 | स्वछता सर्वेक्षण 2025-2026 के अन्तर्गत झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 09 एवं 16 के अन्तर्गत आवश्यक उद्यानों में रंगाई, पुताई तथा आवश्यक सिविल संधारण कार्य करना। | 120 दिवस ₹16,30,100/- | ₹12,300/- ₹5,000/- | 10.02.2026 6.00 PM 12.02.2026 |

**नोट :** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन **https://mptenders.gov.in/** की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

**कार्यपालन यंत्री**
**उद्यान सिविल**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**